


प्रकाशन का 107 वाँ वर्ष

अजय

3 रूपये मात्र



लखनऊ, शनिवार 14 नवम्बर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

असम : बस-ट्रक भिड़ंत में 24 की मौत

तेज रफ्तार बनी काल, मृतकों में ज्यादातर छात्र शामिल

कांजीरंगा (एजेंसी)। असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में

मिनी बस के कट चुके थे बारह से अधिक चालान

आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई। असम के मंत्री और बोकाखाट से विधायक अतुल बोरा ने इसकी जानकारी दी है। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे



का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है। गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया

राहत-बचाव कार्य जारी, बस काटकर निकाले गये शव

है। असम में 5 साल में सड़क हादसों में 15 हजार से ज्यादा मौतें केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, इसके बाद की जानकारी नहीं आई है।


आईआरएफ पर यूएपीए के तहत बढ़ा प्रतिबंध

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्र सरकार ने फरार विवादित इस्लामिक प्रचारक डॉ. जाकिर नाइक के संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय ने यह कदम आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत उठाया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, डॉ. जाकिर नाइक के नेतृत्व वाला यह संगठन सांप्रदायिक घृणा और वैमनस्य फैलाने तथा आतंकवाद को बढ़ावा देने जैसी भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा है। संगठन पर आतंकवाद और अलगाववाद की विचारधारा का प्रचार करने, हिंसक अशांति भड़काने, फरार आतंकियों को फिर से संगठित करने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के भी आरोप हैं।

अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन आर्ट' को देंगे बढ़ावा-योगी

संगीत नाटक अकादमी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में की घोषणा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन (ओडीओसी) की तर्ज पर अब वन डिस्ट्रिक्ट-वन आर्ट को बढ़ावा देने का बड़ा आह्वान किया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोमती नगर स्थित संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के 63वें स्थापना दिवस पर आयोजित धरोहर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति को नष्ट कर उसे स्थायी रूप से गुलाम बनाने के बहुत षड्यंत्र हुए, लेकिन हमारी सनातन संस्कृति और लोक कलाओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी देश की आत्मा को जीवित रखा। इस अवसर पर उन्होंने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया कि अकादमी में मानव संसाधन की कमी



को तत्काल दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया की तमाम संस्कृतियां मिट गईं, लेकिन तलवार और मानसिक गुलामी भी भारत की संस्कृति को नहीं मिटा सकी। हमारी लोक परंपराओं ने ही भारत की सांस्कृतिक आत्मा और आत्मसम्मान को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखा है। हालांकि आजादी के बाद हमारी अनेक लोक कलाएं और वाद्ययंत्र उपेक्षित रहे। संस्कृति की उपेक्षा का अर्थ केवल कला का लुप्त होना नहीं, बल्कि पहचान के महत्वपूर्ण अध्यायों का समाप्त होना है। सीएम योगी ने कहाकि आज राज्य सरकार काशी, अयोध्या, मथुरा और ब्रज क्षेत्र के सांस्कृतिक केंद्रों को पुनर्स्थापित कर रही है और दीपोत्सव व देव दीपावली जैसे आयोजन दुनिया को आकर्षित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का ओडीओपी आज धूम मचा रहा है और राज्य का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इसी तरह वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन में भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने संस्कृति विभाग और सभी अकादमियों को निर्देश दिया कि प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट-वन आर्ट कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश भर के कलाकारों को मंच दिया जाए और हर जिले की अपनी विशिष्ट कला को आगे बढ़ाया जाए।

भारत का लक्ष्य चिप से लेकर शिप तक-मोदी

सीएम शिव कुमार के साथ मेट्रो में किया सफर

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत चिप से लेकर शिप तक, एआई, डेटा सेंटर से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक नई तकनीक में नेतृत्व का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत में कहा कि राज्यपाल सुधा यादव के साथ मंच पर पहला कार्यक्रम शेयर करने का अवसर मिला है। कर्नाटक के लोगों को उनका पूरा परिचय नहीं होगा। लेकिन उनके जीवन के बारे में मैं जरूर कहना चाहूंगा। देश सेवा क्या होती है, देश के लिए समर्पण क्या होता है? सुधा यादव और उनके परिवार के जीवन से



हम जान सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन कर्नाटक की विकास यात्रा को एक नयी गति देने वाला है। आज यहां कनेक्टिविटी और एनर्जी सिक्योरिटी से जुड़ी 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। मेट्रो और रेल से जुड़ी परियोजनाओं से लेकर एनर्जी सिक्योरिटी के काम तक, ये सभी परियोजनाएं कर्नाटक के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ताकत देने वाली हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो की बहुप्रतीक्षित 'पिंक लाइन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ इस नई मेट्रो ट्रेन में सफर भी किया। सफर के दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत होती दिखी, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

राहुल ने फिर प्रधानमंत्री को दी बहस की चुनौती

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनका फोन टैप कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके लगाए गए आरोपों से जुड़े सभी सबूत उनके फोन में मौजूद हैं। राहुल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री को आमने-सामने बहस की चुनौती देते हुए कहा कि इस चर्चा से देश के सामने स्पष्ट हो जाएगा कि कौन विदेशी ताकतों के नियंत्रण में है और कौन देश विरोधी है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा संसद में बहस की बात करती है, लेकिन जब भी उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने की कोशिश की, उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान विधेयक, वोट चोरी, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चीन, पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की किताब और एपस्टीन से जुड़े मामलों पर उन्हें संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह प्रधानमंत्री के भाषण के बजाय उनके साथ आमने-सामने की चर्चा चाहते हैं। राहुल ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी तरफ वह स्वयं बैठकर सभी आरोपों पर खुलकर बात करें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री चाहें तो अडाणी या मोहन भागवत को निर्णायक बना सकते हैं, लेकिन वह आमने-सामने की बहस के लिए तैयार हैं।



मणिपुर में वाहनों पर उग्रवादियों ने की गोलीबारी, चार की मौत

इम्फाल (एजेंसी)। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर गोलीबारी की जिससे चार लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना इंफाल-उखरुल सड़क पर न्यू हेवन इलाके में हुई। यहां हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चारपहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। अधिकारी ने कहा कि दोनों कारों में सफर कर रहे दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों गाड़ियों के सामने वाले शीशों पर गोलियों के निशान मिले। यह घटना एक दिन बाद हुई है। इससे पहले कांगपोकपी जिले के ताफू कुकी गांव और पड़ोसी सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास एक इलाके में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी।

परिसीमन पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी

विपक्ष को विश्वास में नहीं ले रही सरकार-प्रियंका

वायनाड (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को पारित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की केंद्र सरकार की किसी भी योजना के बारे में विपक्षी दलों को कोई जानकारी नहीं दी गयी है। प्रियंका गांधी बुधवार से शुरू हुए अपने चार दिवसीय दौरे के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही थीं। इस दौरान वह पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रही थीं। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि क्या सरकार परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है इस सवाल पर प्रियंका गांधी ने कहा उन्होंने हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इसलिए, अगर वे ऐसी कोई योजना बना रहे हैं, तो मुझे नहीं पता। फिलहाल, मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ असहमति जताने वाले लोगों की आवाज दबाई जा रही है।



